प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली में भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका को शामिल करने के भाषा विवाद पर गठित उच्चस्तरीय समिति की आज तीसरी महत्वपूर्ण बैठक होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हाल ही में विस्तारित की गई इस सात सदस्यीय कमेटी में दो नए मंत्रियोंकृशिल्पी नेहा तिर्की और हफीजुल हसन को शामिल किया गया है। इससे पहले हुई दो बैठकें बेनतीजा रहने के बाद आज होने वाली इस बैठक में सभी वर्गों के भाषाई और सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर कोई ठोस फैसला लिए जाने की उम्मीद है।

****

रांची की विशेष पीएमएलए अदालत 8 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज पिटीशन पर अपना फैसला सुनाएगी। 8 दशमलव 86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। मुख्यमंत्री ने खुद को निर्दोष बताते हुए आरोप मुक्त करने की याचिका दायर की है, जबकि प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में करीब डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। मामले में अब आरोपियों पर आरोप तय होने हैं।

****

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर पूर्वी सिंहभूम के युवाओं में भारी उत्साह है। युवाओं का मानना है कि मोदी सरकार का यह कार्यकाल देश के विकास और युवाओं के सशक्तीकरण के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। स्थानीय युवा राम शांडिल्य के अनुसार, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मुद्रा लोन जैसी योजनाओं ने करोड़ों युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार से जोड़कर उनमें नया आत्मविश्वास जगाया है।

****

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने से हुए दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुख जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मरांग बुरु से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

****

कोडरमा के झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय में समय पर न आने वाले कर्मचारियों पर बड़ा एक्शन हुआ है। अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने लेटलतीफ कर्मियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। देर से पहुंचे कर्मचारियों को अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली। अध्यक्ष ने कहा कि दो महीने से मिल रही लापरवाही की शिकायतों के बाद आम जनता के काम बाधित होने से रोकने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है।

****

रांची में असामाजिक तत्वों के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर एसडीओ कुमार रजत के नेतृत्व में अरगोड़ा और हरमू क्षेत्रों में देर रात सघन जांच चलाई गई। सार्वजनिक स्थलों पर नशापान और अड्डाबाजी करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

****

गिरिडीह के मधुबन थाना क्षेत्र में कल रात अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से पति–पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। दलानचलाखरी गांव में सोते समय हुए इस हमले में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल पत्नी परनी देवी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के समय पास सो रही डेढ़ वर्षीय बच्ची सुरक्षित है। एसडीपीओ आबिद खान ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

****

रांची में झारखंड महिला टी–20 लीग का रंगारंग आगाज हो गया है। उद्घाटन मैच में कोल्हान डायनामोज ने छोटानागपुर ब्लास्टर्स को 8 विकेट से हरा दिया। छोटानागपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 रन बनाए, जिसके जवाब में कोल्हान ने दुर्गा मुर्मू के नाबाद 56 रनों की बदौलत लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

****